# 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की होगी भीड़

**खास बातें**
- दोनों समय एक हजार साधु-संत
- कर्मचारियों का भी होगा भोजन



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 31 अक्टूबर, मंगलवार को राजेद्र नगर में बर्रीधाट बेतवा मार्ग स्थित भगवान श्री रामदेव मंदिर परिसर में होने वाले 24 नबंवर से 6 दिसंबर तक होने वाले प्रतिमा स्थापना समारोह, यज्ञ और नौ दिवसीय श्री राम कथा की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विधायक हरिसिंह रघुवंषी की उपस्थिति में मंदिर प्रबंधन समिति के साथ बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में मंदिर के प्रमुख पंडित हरिनारायण पाठक ने बताया कार्यक्रम बड़े स्तर पर होने के कारण आयोजन के दौरान मेले जैसा स्वरूप रहेगा. इसके साथ 24 नबवर को कार्यक्रम को लेकर कलश यात्रा स्टेशन नौलखी मंदिर से दोपहर 12 बजे निकाली जाएगी.इसमें करीब 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है. इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न नगरों कस्बों के साथ दूसरे प्रांत के श्रद्धालुओं के आने की संभावना है.इससे सुरक्षा व्यवस्था उसी के अनुसार कराई जाए.नगर में पहली बार प्रेमभूषण महाराज की कथा का आयोजन हो रहा है. इससे कथा में श्रोताओं की भीड़ रहेगी. ग्रामीण क्षेत्र से भी श्रद्धालु आएंगे.इससे 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के हिसाब से व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं. कथा स्थल एवं आसपास पर्याप्त पुलिस बल और होमगार्ड की ड्यूटी लगाई जाए.भीड़ नियंत्रण हेतु वैरिकेडिंग लगाई जाए.महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मी तैनात की जाएं. ऐसे समय शार्ट सक्रिट या मानवीय भूल से आगजनी जैसी घटनाओं पर काबू पाने फायर ब्रिगेड वाहन और एम्बुलेंस पूरे आयोजन काल में उपलब्ध रहे. असमाजिक तत्वों से निपटने सीसीटीवी कैमरे मुख्य द्वार व प्रमुख मार्गों पर लगाए जाएं. कार्यक्रम के दौरान दिन व रात में बिजली सप्लाई सुनिष्ति की जाए.आयोजन के दौरान आने जाने वाहन को नियंत्रित करने यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था की जाए.कथा स्थल के आसपास यातायात नियंत्रित जोन बनाया जाए. बस व चार और दो पहिया वाहन के लिए अलग-अलग वाहन पार्किंग स्थल तय कर, स्थान समतल कराए जाएं.ट्रैफिक पुलिस कर्मी दिनभर मौजूद रहें.बैठक में लोनिवि से मुख्य मार्गों पर दिशा-सूचक बोर्ड लगाने और नगर पालिका से कथा स्थल व मंदिर परिसर की स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था में सहयोग को कहना गया. इसके लिए कथा स्थल, मार्ग एवं आस-पास के क्षेत्र में दैनिक सफाई दल लगाया जाए. साथ ही डस्टबिन और कचरा वाहन की व्यवस्था हो. संक्रमण की रोक थाम को कीटनाशक का छिडकाव प्रतिदिन कराया जाए। कार्यक्रम के समापन पर 6 दिसम्बर को भंडारा होगा। इसमें एक लाख लोगों के आने की संभावना है. इससे उस दिन विशेष सफाई दल सक्रिय रखा जाए. जल एवं बिजली व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पीने के पानी के टैंकर नल लगाए जाएं.बैठक में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पंडित केशव शास्त्री, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, एसडीएम संतोष विटौलिया, एसडीओपी शिखा भलावी, जनपद सीईओ तपस्या जैन, नपा सीएमओ रवि प्रकाश श्रीबास्तव, बिजली कंपनी के डीई राजू भामौर, लोनिवि के प्रभारी एसडीओ आरके सिंघई, यात्रायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी सहित मंदिर समिति के सदस्य मौजूद थे.

# सलामतपुर ओवरब्रिज के पास युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या, क्षेत्र में सनसनी



नवभारत न्यूज

**सांची 31 अक्टूबर, शुक्रवार को सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज के समीप एक युवक द्वारा खुद को गोली मार लेने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. सूचना मिलते ही सलामतपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच प्रारंभ की.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना ओवरब्रिज के समीप स्थित शर्मा ढाबे के पीछे की बताई जा रही है, जहाँ जितेन्द्र साहू 27 वर्ष निवासी राघवजी कॉलोनी, विदिशा ने अपनी ही बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली. मौके पर पुलिस को एक 12 बोर की बंदूक तथा मृतक की बाइक बरामद हुई है.फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है. थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दल ने मौके का बारीकी से निरीक्षण किया. प्रारंभिक जांच में मृतक के पास से 12 बोर की बंदूक उसके पैरों के बीच फंसी मिली है.पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी हुई है.


**उपनाम परिवर्तन सूचना**

भूल बस मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सुधीर कुमार दर्ज हो गया है जबकि मेरा पूरा सही नाम सुधीर कुमार श्रीवास्तव है जो की सही है तथा अन्य सभी दस्तावेजों में भी दर्ज है । कृपया मुझे सुधीर कुमार श्रीवास्तव के नाम से ही जाना पहचाना जावे ।

**सुधीर कुमार श्रीवास्तव**
पुत्र श्री कैलाश नारायण
निवासी वार्ड नं 23 नीमताल विदिशा
मोबाईल :- 8770377533


# सप्तशक्ति संगम में हुई मातृ संगोष्ठी

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, सरस्वती शिशु मंदिर बगरोदा में शुक्रवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम के अंतर्गत मातृ संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ गौ पूजन, दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती वंदना के साथ हुआ. कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सरला भार्गव रहीं. जबकि अध्यक्षता शारदा रघुवंशी ने की. अतिथि के रूप में जयश्री रघुवंशी मौजूद रही.**

ग्राम की लगभग 250 से अधिक माताओं ने इस आयोजन में भाग लिया. माताओं ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति की समाज के निर्माण में भूमिका को सशक्त बनाना था. विद्यालय की बालिकाओं ने अहिल्याबाई होल्कर, रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती और जीजाबाई के प्रेरणादायक जीवन प्रसंगों पर आधारित आकर्षक झांकियाँ प्रस्तुत कीं. कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् गान के साथ हुआ. इस अवसर पर ग्राम की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं.


**कार्यालय प्राचार्य, राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी)स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक/ /25 **:: निविदा प्रकाशन ::** दिनांक 31.10.2025

---00---

रूसा- 02 परियोजना अंतर्गत (कम्पोनेंट 06) के तहत राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा के लिये शासन के एम.पी. टेंडर पोर्टल के माध्यम से ड्ब्ल डेस्क फर्नीचर सामग्री क्रय की जाना है। जिसकी खुली निविदाएं एम.पी. टेंडर पोर्टल पर निविदा कमांक **2025_HED_459484_1** एम.पी. टेंडर पोर्टल पर प्रकाशित की गई है। जिसकी निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 22.11.2025** है। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाएं एम.पी. टेंडर पोर्टल पर जमा कर भाग ले सकते हैं। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा।

**प्राचार्य**
**रा.वि.सि.शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय,विदिशा**



- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

नि:शुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

**मोबाइल में बजता है**
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो रेडियो
84 35 250 250

प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए






**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**:: आम सूचना ::**

डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विदिशा में भूखण्ड / भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.सी/336 मण्डल द्वारा श्री हरिबाबू जैन आत्मज श्री मूलचंद जैन के नाम हस्तान्तरण आदेश क. 453-456 दिनांक 25/09/2008 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 04/11/2008 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री पूरन सिंह यादव आत्मज श्री दर्शनसिंह यादव के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 03/06/2011 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति श्री पूरन सिंह यादव आत्मज श्री दर्शनसिंह यादव के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निमर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**



**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**:: आम सूचना ::**

डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विदिशा में भूखण्ड / भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. सी/337 मण्डल द्वारा श्री हरिबाबू जैन आत्मज श्री मूलचंद जैन के नाम हस्तान्तरण आदेश क. 449-452 दिनांक 25/09/2008 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 24/11/2008 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री पूरन सिंह यादव आत्मज श्री दर्शनसिंह यादव के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 03/06/2011 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति श्री पूरन सिंह यादव आत्मज श्री दर्शनसिंह यादव के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**





